अग्रवाल कॉलेज में मनाया गया विश्व तपेदिक दिवस

आज दिनांक 24 मार्च 2025 को अग्रवाल कॉलेज के प्रांगण में कॉलेज की रेड रिबन क्लब व यूथ रेड क्रॉस की इकाइयों के द्वारा विश्व तपेदिक दिवस मनाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को टीवी के कारणों उसके उपचारों व रोकथाम से संबंधित जानकारी देने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई।कॉलेज में इस तरह की जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की पीछे अग्रवाल कॉलेज के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी का लक्ष्य समाज में विभिन्न कुरीतियों व बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना है, वहीं कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी के कहा कि टीबी एक ऐसी बीमारी है जिसका संक्रमण वायु के द्वारा फैलता है, यह महामारी हमारे समाज को बड़ी भारी क्षति पहुंचाती है अगर समय से इसकी जांच हो जाए तो मरीज को बिल्कुल स्वास्थ्य किया जा सकता है।प्राचार्य जी के दिशा निर्देशन में इन सभी कार्यक्रमों को किया जाता है।कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब व यूथ रेड क्रॉस के लगभग 70 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज के प्राचार्य जी ने रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ० गीता गुप्ता कोऑर्डिनेटर डॉ० रेखा सेन, डॉ० रेणु बाला रेड क्रॉस के काउंसलर श्री सुभाष, श्रीमती पूजा व श्री लवकेश को बधाई दी इस अवसर पर कॉलेज के अंग्रेजी विषय की प्रवक्ता श्रीमती शैली मलिक भी उपस्थित रहीं।